# बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे जल्द चित्रकूट धाम से जुड़ जाएगा

- चित्रकूट लिंक एक्सप्रेस वे का संशोधित प्रस्ताव मंजूर
- बुंदेलखंड से चित्रकूट धाम तक आसान होगा सफर

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे के संशोधित प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। प्रवेश नियंत्रित छह लेन के इस ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के निर्माण पर 1,008.67 करोड़ रुपये खर्च होंगे। परियोजना का पूरा खर्च राज्य सरकार वहन करेगी। इसमें केंद्र सरकार की किसी तरह की वित्तीय भागीदारी प्रस्तावित नहीं है। इससे चित्रकूट धाम से बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे जुड़ जाएगा।

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे की लंबाई 15.172 किलोमीटर होगी। इसका निर्माण इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट एंड कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) मोड पर कराया जाएगा। प्रस्तावित लिंक एक्सप्रेसवे 110 मीटर छह लेन चौड़ा होगा और इस पर 120 की स्पीड तय की गई है। इसके लिए एक बड़ा पुल, चार छोटे पुल, एक फ्लाईओवर, 17 अंडरपास तथा 23 पुलिया का निर्माण प्रस्तावित है। लिंक एक्सप्रेसवे पर एक टोल प्लाजा तथा बूथ का निर्माण किया जाएगा।